सरकार और वहां की राज्य सरकार,सभी लोग इस काम में लगे हुए हैं। मुम्बई तो हम लोगों का सरताज है,मुम्बई तो Heart of the nation है,इसलिए हम लोगों का पूरा ध्यान है। असल में शहर में रहने वाले जो लोग हैं,उनकी ज्यादा तबाही हुई है। झुग्गी-झोंपडी में रहने वाले जो लोग हैं,पूर्वांचल के जो मज़दूर लोग हैं, उनकी भी तबाही हुई है। फिर अभी होम मिनिस्टर साहब ने भी कहा कि तत्काल जो विस्थापित हो गए हैं,उनको टैम्पोरेरी शैल्टर देकर,उनके खाने और दवा का इंतजाम करना है। फिर बारिश का समय है और अभी तो बारिश और भी होने वाली है। वहां पर लोगों को सारी प्रिकॉशन लेनी पड़ेगी क्योंकि वहां इतनी ज्यादा बारिश हुई है। जहां बिहार में पहले फ्लड आता था,वहां अब सूखा पड़ गया है। इसलिए हम लोगों का उस तरफ भी ध्यान है।

**SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (RAILWAYS) 2005-06**

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI LALU PRASAD): Sir, I beg to lay on the Table a statement (in English and Hindi) showing the Supplementary Demands for Grants (Railways) for the year 2005-06.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for one hour.

The House then adjourned for lunch at fifty minutes past two of the clock.

The House re-assembled after lunch at fifty minutes past three of the clock,

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI KALRAJ MISHRA) in the Chair.]

**CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE—*Contd.***

**Recent Fire in Bombay High ONGC Platform**

**श्री प्रमोद महाजन (महाराष्ट्र)**:मुम्बई हाई में ओ.एन.जी.सी. के प्लेटफार्म में हाल में लगी आग से हुई जान-माल की हानि और कच्चे तेल के उत्पादन में रुकावट आने तथा सरकार द्वारा इस बारे में की गई कार्रवाई के संबंध में मैं पेट्रोलियम मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री तथा पंचायती राज्य मंत्री (श्री मणि शंकर अय्यर)**: उपसभाध्यक्ष जी,दिनांक 27 जुलाई,2005 को सांय 4.05 बजे मुंबई हाई उत्तर (एमएचएन) प्लेटफॉर्म में एक बडी आग दुर्घटना हुई मैंने लोक सभा में 28 जुलाई ,2005 को प्रश्न काल के तुरन्त बाद एक वक्तव्य दिया था,परंतु राहत और बचाव कार्यों की निगरानी के लिए तुरन्त मुंबई जाने के कारण मैंने अपने सहयोगी माननीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री को मेरी ओर से सदन में वक्तव्य देने के लिए अनुरोध किया था। मैं इस अवसर पर पहले से दिए गए वक्तव्य में विवरण सम्मिलित करना चाहता हूँ।